हरियाणा सरकार

नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग

अधिसूचना

दिनांक 28 दिसम्बर, 2005

संख्या सी०सी०पी०(एन०सी०आर०)/2005/डी०डी०पी०/डी०डब्ल्यू०एल०/एस०सी०ए०/2157. —पंजाब अनुसूचित सड़क तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन अधिनियम, 1963 (1963 का अधिनियम 41) की धारा 5 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हरियाणा के राज्यपाल, इसके द्वारा डबवाली नियंत्रित क्षेत्र को लागू किए जाने के लिए प्रस्तावित प्रारूप विकास योजना डबवाली के अनुबन्ध 'क' तथा 'ख' में दिए गए निर्बन्धनों तथा शर्तों सहित हरियाणा राजपत्र में दिनांक 26 नवम्बर, 1985 को प्रकाशित हरियाणा सरकार, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग अधिसूचना संख्या 8999-10-डी0 पी0 - 85/ 18919, दिनांक 8 अक्टूबर 1985, द्वारा घोषित डबवाली नियंत्रित क्षेत्र के लिए प्रारूप विकास योजना प्रकाशित करते हैं ।

इसके द्वारा नोटिस दिया जाता हैं कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तिथि के तीस दिन की अवधि की समाप्ति पर अथवा इसके पश्चात सरकार, प्रारूप विकास योजना पर ऐसे आपेक्षों तथा सुझावो सहित, यदि कोई हो, जो निदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा, आयोजना भवन, सैक्टर 18ए, चण्डीगढ़ द्वारा लिखित रूप में किसी व्यक्ति से ऐसी योजना के सम्बन्ध में इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि के समाप्ति से पूर्व प्राप्त हो, विचार करेगी ।

ड्राईंग

1. विद्यमान भूमि उपयोग प्लान ड्राईंग संख्या डी0 टी0 पी0 (एस0 आर0) 280/ 86, दिनांक 6, फरवरी 1986.
2. प्रारूप विकास प्लान डी0 टी0 पी0 (एस0 आर0) 516/ 98ए, दिनांक 24 दिसम्बर, 2003.

अनुबन्ध 'क'

नियंत्रित क्षेत्र डबवाली के लिए प्रारूप विकास योजना 2021 ए0 डी0 पर व्याख्यात्मक नोट ।

I परिचय :-

डबवाली नगर सिरसा जिला का तहसील मुख्यालय है, पंजाब राज्य की सीमा पर स्थित हैं । यह नगर पंजाब एवं राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्र से दिल्ली -हिसार-सुलेमानखी (राष्ट्रीय राज मार्ग संख्या 10) से सड़क मार्ग द्वारा तथा बीकानेर भटिण्डा रेल मार्ग से जुड़ा हुआ हैं । डबवाली एक महत्वपूर्ण नगर है जो हरियाणा के सुदूर उत्तर पश्चिम में स्थित हैं । जिला मुख्यालय सिरसा से इस की दूरी 60 किलोमीटर हैं । भटिण्डा (पंजाब) तथा हनुमानगढ़ (राजस्थान) से इस नगर की दूरी कमश: 36 तथा 70 किलोमीटर है । यह नगर उपमण्डल होने के अतिरिक्त वाणिज्य तथा व्यापार का केन्द्र भी हैं । यहां की कृषि भूमि अति उपजाउ हैं तथा कपास चना तथा सरसों के लिए अति उपयुक्त हैं । मौलिक रूप से यह नगर कृषि मण्डी होने के बावजूद 1966 के बाद भी इसका समुचित विकास नहीं हो पाया है क्योंकि यह नगर पंजाब राज्य की सीमा पर स्थित हैं ।

भोगोलिक विषमताओं तथा तीन तरफ से अन्र्तराज्यीय सीमाओं से घिरा होने के कारण वर्तमान शहर के दक्षिण भू क्षेत्र के विकास की आशा की जा सकती हैं । हरियाणा के अन्दर यह नगर भटिण्डा - चौटाला मार्ग तथा दिल्ली -हिसार - सुलेमानखी मार्ग के साथ- साथ अनियमित रूप से बसा हुआ है नगर के इस अव्यवस्थित फैलाव को रोकने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि इस नगर की विकास योजना तैयार की जाए ताकि नगर को एक योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जा सके । इस उद्देश्य को मध्य नज़र रखते हुए पंजाब अनुसूचित सड़क तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन अधिनियम, 1963 के प्रवधानों के अर्न्तगत 8 अक्तूबर 1985 को हरियाणा सरकार नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग राजपत्र के अध्यादेश संख्या 8999-10- डी0 पी0-85/18919,जो हरियाणा राजपत्र दिनांक 26 नवम्बर, 1985 को मुद्रित हुआ है के अनुरूप नगरपालिका की सीमा के प्रक्षेत्र को नियंत्रित क्षेत्र घोषित किया गया ।

II जनसंख्या विकासः –

इस नगर की जनसंख्या वृद्धि के रूझान को निम्न तालिका के माध्यम से उदृत किया जा सकता हैं।

वर्ष	जनसंख्या (व्यक्तियों में)	प्रतिशत वृद्धि में
1941	6655	-
1951	10380	+55.97
1961	15421	+48.60
1971	20921	+35.66
1981	29071	+38.96
1991	36197	+24.51
2001	53812	+48.66

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट पता चलता है कि 1941-51 के दशक में जनसंख्या वृद्धि सर्वाधिक बटवारे के समय पाकिस्तान से अनेक शरणार्थीयों के डबवाली नगर में बस जाने के कारण रही । तदोउपरान्त इस नगर की जनसंख्या वृद्धि में काफी कमी रही क्योकि इस लघु सीमांत नगर के विकास को कोई प्राथमिकता नहीं दी गई । 1966 में हरियाणा राज्य के अस्तित्व आने के समय इस नगर को दो भागों में विभाजित कर दिया गया जिससे इस नगर का अल्प विकास भी अवरूद्व हो गया । राज्य की सीमा का निर्धारण ऐसे अव्यवस्थित ढंग से किया गया है कि नगर के मौजूद घर, दुकान तथा भवनों का आधा भाग हरियाणा राज्य तथा बाकी भाग पंजाब राज्य के अंदर आ गया । इसके अतिरिक्त इस नगर की जनसंख्या वृद्वि के हास का एक अन्य कारण यह भी रहा है कि इस नगर का जो भाग पंजाब राज्य के अंतर्गत विभाजित हो गया वहां पंजाब सरकार द्वारा अनेक सुविधाएं दी गई जैसे चुंगी समाप्ति, नगर पालिका टैक्सों की शून्यता, बिकी कर में कमी, शिक्षा का समुचित प्रबंधन गई जैसे चुंगी समाप्ति, नगरपालिका टैक्सो की शून्यता, बिकी कर में कमी, शिक्षा का समुचित प्रबंधन, अच्छी नागरिक एवं स्वास्थ्य सुविधाएं आदि । इन सुविधाओं ने लोगों को उस क्षेत्र में वाणिजय व्यापार चलाने व उद्योग धन्धे लगाने को प्रेरित किया तथा आज भी पंजाब की तरफ के क्षेत्र में पंचायत है जिसके कारण सामुदायिक एवं अन्य नागरिक सुविधाएं लगभग मुफत हैं यद्वपि अब राज्य सरकार की अनेक संस्थाएं जैसे हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास निगम, हरियाणा शहरी विकास निगम, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, हरियाणा हाउसिंग बोर्ड, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड आदि इस क्षेत्र के हेतु आ रही है । ऐसी आशा की जाती हे कि राज्य सरकार की आर्थिक योजनाओं के फलस्वरुप इन संस्थाओं की सहायता से जो विकास कार्य अब चलाए जा रहे हैं के परिणामस्वरुप इस नगर का विस्तार अवश्यमेव है तथा ऐसी आशा की जाती है कि व आने वाले दो दशकों में इस नगर की विकास दर लगभग 38 प्रतिशत हो जाएगी । तदानुसार नगर की प्रतिशत जनसंख्या को निम्न प्रकार दर्शाया गया हैं :-

वर्ष	जनसंख्या	प्रतिशतता
2001	53812 व्यक्ति	---
2011	74000 व्यक्ति	+38.00
2021	102120 व्यक्ति(अर्थात 100000 व्यक्ति)	+38.00

उल्लेखनीय है कि इस नगर की नगरपालिका की सीमा वर्ष 1989 में बढा दी गई है तथा गांव शेरगढ़ व गांव डबवाली की जनसंख्या को भी 1991 की जनगणना के आंकड़ों में, डबवाली नगर की जनसंख्या के अंतर्गत शामिल कर लिया गया है । नगरपालिका की बढ़ी हुई सीमा को 2003 में डीनोटीफाई कर दिया गया हैं । इस के मध्यनजर शहर की 2021 ईस्वी पूर्व में जनसंख्या 100000 अनुमानित की गई है । नगर के वर्तमान कुल घनत्व तथा आधुनियम सुविधाओं के प्रसार के मध्यनजर ऐसा अनुमान लगाया जाता है कि वर्ष 2021 तक इस नगर का जनसंख्या घनत्व 112 व्यक्ति प्रति हैक्टेयर होगा तथा इस नगर का नगरीकरण हेतू 895 हैक्टेयर भूमि की आवश्यकता होगी । इस नगर की भौगोलिक स्थिति, वातावरण, स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यो जैसे उप-मंडल कार्यालय समुह निर्माण, स्टेडियम समूह निर्माण, 100 बिस्तरों वाले सिविल अस्पताल का निर्माण तथा दिल्ली-हिसार-सुलेमानस्वी रोड़ पर दूसरे वाटर वर्क्स का निर्माण आदि से इस नगर के विकास का जो सिलसिला चला है उस में प्रस्तावित व्यवस्थित नगर विकास योजना को सम्मिलित करना नगर के सशक्त एवं समान विकास का मार्ग प्रशस्त करने में सहायक होगा । चूकि पुरानी नगरपालिका सीमा के अंतर्गत पर्याप्त क्षेत्र खाली पड़ा है, इसलिए अधिकतर समन्वित एवं एकीकृत विकास इस वर्तमान नगर में ही प्रस्तावित है ।

व्यावसायिक संरचना

III व्यावसायिक सरंचना :–

नगर की अर्थव्यवस्था में वाणिज्य, व्यापार एवं कृषि का मुख्य योगदान है । वर्ष 1981 के दौरान कुल कामगारों की संख्या का 42.73 प्रतिशत था, जिसमें कृषि 26.90 प्रतिशत सेवा (नौकरी पेशा) तथा 20.00 प्रतिशत उद्योग क्षेत्र पर निर्भर थे । कामगार जनसंख्या अनुपात प्रत्येक दशक में वृद्वि पर है। यह अनुपात 1971 में 28.39 प्रतिशत था जो बढ़ कर 1981 में 30 प्रतिशत तथा वर्ष 1991 में 35.85 प्रतिशत हो गया । औद्योगिक रुप से यह नगर पिछड़ा हुआ है तथा अधिकतर उद्योग कृषि आधारित हैं यहां पर मुख्य तौर पर कपास ग्रनींग तथा प्रेसिग उद्योग, फूड प्रोसेसिंग उद्योग तथा मुरम्मत कार्य स्थापित हैं । यहां पर व्यापार तथा वाणिज्य के अंतर्गत मुख्यत: खाद्यान्न, कपास, तथा तेल बीज आदि का थोक व्यापार किया जाता है । चौटाला सड़क पर अनाज विपणन केन्द्र की स्थापना के बाद तो इस व्यापार का और भी संवर्द्वन हुआ है लेकिन खुदरा व्यापार शहर के बीच पतली व भीड़ भरी गलियों में ही होता है । खुदरा व्यापार के समुचित विकास के लिए शहर के बाहर उचित प्रबंध अपेक्षित है ।

IV जल वितरण एवं मल निकास: –

भू-जल खारा होने के कारण जहां जमीन के नीचे का पेय जल की कमी है वर्तमान जल वितरण नहरों पर ही निर्भर करता हैं । डबवाली गांव के समीप दस हैक्टेयर भूमि में एक जल घर का निर्माण किया गया है जिसकी भंडारण क्षमता 227300 लीटर है । पंजाब राज्य की सीमा के साथ बाल मंदिर विद्यालय के समीप 8 हैक्टेयर में एक अन्य जल घर स्थित है । जो इस पुराने एवं नए नगर की आवासीय आबादी की जल आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति करता है । इन दोनों जल घरों की अपक्व जल क्षमता 17.50 करोड़ लीटर है तथा साफ ताजा पानी की क्षमता 14.31 लाख गैलन है जिसे अब बढ़ा कर 17.62 लाख गैलन कर दिया गया है । दोनों जल घरों की ओवर हैड जल भंड़ारण क्षमता 4.5 लाख लीटर है । वर्तमान जल वितरण प्रणाली शहर की पानी की आवश्यकता को पूरा करने में असमर्थ है । वर्तमान वितरण प्रणाली नगर की जल आवश्यकता के 70 प्रतिशत की ही पूर्ति कर पाती है । वर्तमान उपलब्ध प्रति व्यक्ति जल वितरण 95.46 लीटर प्रति दिन है जिसे अब बढा कर 110 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन कर दिया गया है तथा अनुमानित जनसंख्या के लिए इसे और अधिक बढाया जाना है । आगे आने वाले समय में इस जल वितरण की मात्रा में भी नगर का लगभग 65 प्रतिशत क्षेत्र ही जल निकास प्रणली से लाभान्वित हो पाया है । वर्तमान विकास घर का (क्षेत्र) पंजाब राज्य के क्षेत्र में पड़ता है । इसलिए अन्य निकास प्लांट, पुनर्निधारित नाले के समीप बनाया जाना प्रस्तावित है । यह प्लांट 4 हैक्टेयर क्षेत्र में बनाया जाना है ।

V सामुदायिक सुविधाएं :–

एक राजकीय महिला महाविद्यालय, चार उच्चतर माध्यमिक/हाई स्कूल, एक शैक्षणिक महाविद्यालय, एक वोकेशनल एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा चार उच्चतर माध्यमिक/हाई स्कूल व एक मिडल स्कूल, पहले से ही कार्य कर रहे हैं । इसके अतिरिक्त 15 मान्यता प्राप्त हाई स्कूल पांच मिडल स्कूल तथा 10 प्राईमरी स्कूल निजी सैक्टर में हैं किंतु यहां लड़कियों के लिए कोई सिनियर सैकंड़री स्कूल नहीं है इसके अतिरिक्त लड़कों आठ प्राइमरी स्कूल पहले से कार्य कर रहें हैं । इसके अतिरिक्त पांच मान्यता प्राप्त हाई स्कूल पांच मिडिल स्कूल तथा दस प्राइमरी स्कूल निजी सैक्टर में हैं । किन्तु यहा लड़कियों के लिए कोई सीनीयर सैकन्डरी स्कूल नहीं हैं । इसके अतिरिक्त लड़कों के लिए कोई डिग्री कालेज नहीं है । यहां के छात्र उच्च शिक्षा के लिए किलियांवाली (पंजाब) में निर्मित डिग्री कालेज में शिक्षा ग्रहण करने को बाध्य हैं। जहां तक स्वास्थ्य सेवाओं का संबंध है 30 बिस्तरों वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र यहां उपलब्ध है तथा लगभग 20 अच्छे प्राईवेट नर्सिग होम यहां चल रहे हैं । एक 100 बिस्तर वाला सिविल अस्पताल भी दो एकड़ से ज्यादा क्षेत्र पर बनाया गया है जो नगर तथा इसके क्षेत्र की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने में पर्याप्त है । इसके अलावा नगर में दो सिनेमा हाल, पांच क्लब, एक लाइब्रेरी में पाठन् कक्ष उपलब्ध है तथा लागों के मनोरंजन के लिए तीन लघु पार्क भी नगर में उपलब्ध हैं । लगभग 4.85 हैक्टेयर भूमि में एक स्टेडियम भी निर्माणाधीन है ।

प्रस्ताव

विभिन्न भूमि उपयोगों का विस्तार निम्नलिखित पर आधारित है :-

(i) वर्तमान भूमि प्रयोग कुल जनसंख्या घनत्व उपलब्ध सुविधाओं तथा वर्ष 2021 तथा सम्भावित सुविधाओं को घ्यान में रखते हुए ऐसा अनुमान है कि नगर में 112 व्यक्ति प्रति हैक्टेयर हो जाएगा तथा इस के लिए 895 हैक्टेयर क्षेत्र की आवश्यकता होगी । वर्तमान आबादी (नगर पालिका सीमा) के अंतर्गत ही 345 हैक्टेयर भूमी खाली पड़ी है इसलिए विकास योजना के दर्शाए गए अधिकतर प्रस्ताव केवल अतिरिक्त क्षेत्र में ही नहीं हैं बल्कि इस में वर्तमान नगर के समन्वयिक एवं एकीकृत विकास के लिए प्रस्ताव भी सम्मिलित किए गए हैं ।

(ii) नगर की अर्थ व्यवस्था में वाणिज्य एवं व्यापार मुख्य भूमी कर अदा करते रहेंगे । इस क्षेत्र में कामगार जनसंख्या का अनुपात 40 प्रतिशत 12500 कामगार अनुमानित है ।

(iii) ऐसा अनुमान है कि औद्योगिक क्षेत्र का भी संमुचित विकास होगा तथा वर्तमान स्थिति में सुधार होगा । ऐसा अनुमान है कि कुल कामगार संख्या का 30 प्रतिशत इस क्षेत्र में कार्यरत होंगे तथा लगभग 9360 कामगार घरेलू उद्योगों में कार्यरत महिला कामकारों को मिला कर इस क्षेत्र से अपना रोजगार प्राप्त करेंगे ।

(iv) औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत कामगारों का न्यूनतम 30 प्रतिशत घरेलू उद्योग धन्धों में कार्यत रहेंगे । पंजाबी जूती निर्माण एक महत्वपूर्ण घरेलू उद्योग बन जाएगा । बाकी 70 प्रतिशत कामगार अनेक उद्योग धन्धों में कार्यरत रहेंगे जिस के लिए पर्याप्त औद्योगिक क्षेत्र का प्रबंध कर दिया गया है । औद्योगिक क्षेत्र में 60 कामगार प्रति हैक्टेयर के मापदण्ड अपनाते हुए पहले से ही प्रबंध किया गया है ।

(v) यह मानते हुए कि लघु उद्योग धन्धों तथा कुटीर धन्धों (घरेलू इकाइयों के अतिरिक्त) खादी ग्रामोद्योग क्षेत्र में अपना वर्चस्व बनाए रखेंगे तथा कुल औद्योगिक कामगारों का कम से कम 60 प्रतिशत नियाजित करेंगे । लघु वाहन पुर्ननिर्मान तथा पुर्नएकत्रिकरण तथा वैल्डीग कार्य को वर्तमान में फल फूल रहा है, भविष्य में और अधिक विकसित होगा जो इस शहर में पहले ही दृढ़ रुप से स्थापित है ।

(vi) आवासीय सैक्टरों क्षेत्रों का घनत्व 150-250 व्यक्ति प्रति हैक्टेयर होने की सम्भावना है जिसका औसत घनत्व 212 व्यक्ति प्रति हैक्टेयर हो जाएगा ।

(vii) वर्तमान तथा प्रस्तावित शहरीकरण प्रक्षेत्र नगरपालिका हदूद(सीमा) तथा नियंत्रित क्षेत्र के अंर्तगत ही रहेगा ।

(viii) हालाकि यह नगर दो राज्यों के अंर्तगत पड़ता है प्रत्येक की अपनी विकास प्राथमिकताएं हैं लेकिन संपूर्ण विकास योजनाओं के उद्देश्यों से इसके संयुक्त अस्तित्व को मान्यता देनी होगी अत: ऐसे प्रयास किए गए हैं जिससे इस नगर के दोनों भागों की प्रस्तावित योजनाओं को समन्वित किया जा सके । यदि पंजाब सरकार के द्वारा भी इसी के अनुरुप विकास प्रस्तावों का कियान्वनकिया जाए तो निश्चित रुप से संपूर्ण क्षेत्र लाभान्वित होगा । हालांकि ऐसे प्रयास किए गए हैं कि अपने राज्य के अंर्तगत आने वाले नगर क्षेत्र के लिए विकास प्रस्ताव यथासम्भव स्वयं में पर्याप्त हैं ।

(VI) प्रस्तावित भू-उपयोग:-

विकास योजना के अंतर्गत 895 हैक्टेयर भूमी के प्रयोग का प्रस्ताव है जो नगर पालिका की सीमा तथा इसके बाहर नियंत्रित क्षेत्र के अंदर ही होगा । प्रस्तावित भू उपयोग का विस्तार से वर्गीकरण निम्नांकित सारणी में दिया गया है :-

मुख्य कोड़	भू-प्रयोग	मौजूद क्षेत्र जो नगरपालिका की सीमा में पड़ता है (हैक्टेयर में)	नगरपालिका की सीमा के अंदर व बाहर प्रस्तावित क्षेत्र	कुल प्रक्षेत्र (हैक्टेयर में)	कुल क्षेत्र का प्रतिशत
100	आवासीय	105.00	366.00	471.00	52.63
200	वाणिज्यिक	27.00	62.00	89.00	9.94
300	औद्योगिक	25.00	85.00	110.00	12.29
400	परिवहन एवं संचार	18.00	66.00	84.00	9.39
500	जन उपयोग	11.00	9.00	20.00	2.23
600	सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी	12.00	70.00	82.00	9.16
700	पार्क एवं खुला क्षेत्र	3.00	36.00	39.00	4.36
	कुल	201.00	694.00	895.00	100.00

1. आवासीय: -

लगभग 471 हैक्टेयर भूमी आवासीय क्षेत्र 212 व्यक्ति प्रति हैक्टेयर का घनत्व के रुप में प्रस्तावित हैं । आवासीय क्षेत्र जो 2021 में प्रस्तावित नगरीया भूमी का लगभग 52.63 प्रतिशत है । इस क्षेत्र को कई सैक्टरों में विभाजित किया गया है तथा इन सैक्टरों का जनसंख्या घनत्व 150-250 व्यक्ति प्रति हैक्टेयर रहने की सम्भावना है । इस क्षेत्र में आवास हेतू सैक्टर नम्बर 1, 2,3,4,6,7,9,11,12,14 तथा 15 काटे जाना निर्धारित किया गया है जो वर्ष 2021 तक इन सैक्टरों में परियोजित जनसंख्या को बसाया जाएगा ।

2. वाणिज्यक: -

डबवाली मौलिक रुप से एक व्यापार वाणिज्य पर आधारित नगर है । अधिकांश खुदरा व्यापार पुराने कस्बे की पतली शंकरी गलियों में होता है । तत्कालीन उपनिवेशन विभाग द्वारा चौटाला मार्ग पर 7.5 हैक्टैयर में फैली अनाज मण्डी का निर्माण करवाया गया था । अब सैक्टर-10 में 36 हैक्टेयर भूमी शहर के केन्द्र के रुप में निर्धारित की गई है तथा इस केन्द्र को नगर के सभी भागों से जोड़ा जाएगा । सब्जी मण्डी जो नगर के मध्य भीड़ भरी शंकरी भाग में लगाई जाती है । इसी प्रकार लकड़ी मण्डी भी इधर-उधर फैली हुई है । ऐसा प्रस्ताव है कि सब्जी मण्डी तथा लकड़ी मण्डी नगर के बाहर स्थापित की जाएगी । इन दोनों मण्डियों के लिए सैक्टर 5 में 14 हैक्टेयर भूमि निर्धारित की गई है । इस भूमि में वर्तमान अनाज मण्डी भी होगी, जिसका विस्तार अब अपरिहार्य हो गया है । भावी आवश्यकताओं को मध्य नजर रखते हुए सैक्टर 14 में, 12 हैक्टेयर भूमि दिल्ली-हिसार सुलेमानखी रोड़ के साथ निर्धारित की गई है जो थोक व्यापार भण्डारण तथा वेयर हाउसिंग आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति करेगी ।

3. औद्योगिक: -

इस नगर में कृषि आधारित उद्योग धन्धों जैसे कपास जिनिंग तथा प्रैसिंग, तेल मिल, आटा मिल आदि की अपार सम्भावनाएं हैं । सिरसा जनपद के औद्योगिक रुप से पिछड़ा जिला घोषित किया जा चुका है जिस से नई सुविधाएं नए उद्योग धन्धों के विकास को प्रेरित करेगी । औद्योगिक क्षेत्र विकास की अपार सम्भावनाओं को देखते हुए सैक्टर -13 में 85 हैक्टेयर भूमि निर्धारित की गई है । यह भूमि भावी औद्योगिक आवश्यकताओं को पूरा करेगी ।

4. परिवहन एवं संचार: -

(i) रेलवे स्टेशन

रेलवे स्टेशन लगभग 1.5 हैक्टेयर भूमि में फैला हुआ है, जिसमें दो प्लेटफार्म बने हुए हैं । अपने कर्मचारियों के लिए 100 आवासीय क्वार्टर हैं तथा पानी वितरण प्रणाली की व्यवस्था है । यात्रियों के लिए प्रतिक्षा हाल, आराम घर, शौचघर चाय स्टाल, पुस्तक स्टाल आदि की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं । पद यात्रियों के लिए ओवर ब्रिज की सुविधा भी स्टेशन के समीप हो उपलब्ध हैं ।

(ii) बस अड्डा - नगर में लगभग 2 हेक्टयर क्षेत्र पर एक नया बस अड्डा बना हैं इस के अर्न्तगत एक कार्यशाला का निर्माण शामिल हैं नगर की वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने में यह पर्याप्त हैं । इस बस अड्डे के भावी विस्तार के लिए मध्य नगर सैक्टर -10 में भू क्षेत्र आरक्षित किया गया हैं ।

(iii) मुख्य सड़क प्रणाली - शहर से निकलने वाले वर्तमान मुख्य सड़के टेढ़ी मेढ़ी हैं इन सड़को को सीधा करते हुए एक अच्छी सड़क मार्ग व्यवस्था तैयार करना सुनिश्चित किया गया हैं । प्रस्तावित सभी सड़के नगर के सभी हिस्सों से गुजरती हुई दिल्ली- हिसार- सुलेमानखी (राष्ट्रीय राज मार्ग संख्या 10) तथा भटिण्डा चौटाला मार्ग पर उचित दूरी पर मिलेगी जिससे परिवहन व्यवस्था अति सरल तथा सुचारु बन जाएगी । राष्टीय राज मार्ग नम्बर 10 पर परिवहन व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए रेलवे लाईन पर एक उपरगामी पुल के निर्माण का भी प्रस्ताव हैं ।

विभिन्न मार्गो के लिए निर्धारित चौडाई नीचे दी गई हैं :-

वी-1	पेराफेरी रोड़	60 मीटर
वी-1-ए	दिल्ली -हिसार -सुलेमानखी रोड़ (राष्ट्रीय राज मार्ग संख्या 10)	नगर पालिका सीमा में वर्तमान चौड़ाई
वी-1-बी	भटिण्डा चौटाला रोड़	नगर पालिका सीमा में वर्तमान चौड़ाई
वी-2	मुख्य नगरीय सड़के	[illegible] मीटर
वी-3	सैक्टरो की सड़के	30 मीटर

वर्तमान में नगर में एक टक स्टैण्ड की कोई व्यवस्था नहीं हैं, अतः सैक्टर नम्बर 5 में लगभग 4 हैक्टयर क्षेत्र इस प्रयोजन के लिए निर्धारित किया गया हैं । इसी प्रकार आटो मार्किट तथा आटो रिपेयरिंग की दुकाने मुख्य मार्गों के साथ साथ बनी हुई हैं इससे न केवल नगर की शोभा नष्ट होती हैं बल्कि परिवहन व्यवस्था भी अवरुद्ध होती हैं तथा पैदल यात्रियों के लिए असुविधा होती हैं, इस समस्या के समाधान के लिए लगभग 6 हैक्टयर भूमि का निर्धारण किया गया हैं, जहां पर आटो मार्किट नगर के बाहर स्थानान्तरित की जायेगी ।

5. जन उपयोगिताएं - जन उपयोगिता के लिए लगभग 15 हैक्टयर क्षेत्र का निर्धारण किया गया हैं । इस क्षेत्र में वर्तमान बूसटिंग स्टेशन का क्षेत्र 0.43 हैं । जलघर का क्षेत्र 9 हैक्टयर तथा उप -ग्रिड, उप-स्टेशन (132 के0 वी0) का क्षेत्र 1. 57 हैक्टयर हैं, जो दिल्ली -हिसार -सुलेमानकी रोड पर (राष्ट्रीय राज मार्ग न0 10) पर स्थित है भी इसी निर्धारित क्षेत्र में सम्मिलित हैं । लगभग 9 हैक्टयर भूमि जो अलीका रोड तथा लिसाड़ा नाला पर स्थित है जल निकास तथा सोलिड वेस्ट कार्य के लिए निर्धारित की गई हैं । वर्तमान जलघर, ग्रिड- सब स्टेशन तथा निपटान कार्य के क्षेत्र ग्रामीण आंचल में पड़ते हैं जिन्हें भावी आवश्यकताओं के अनुरूप विस्तारित किया जा सकता हैं ।

6. सरकारी तथा अर्द्ध सरकारी कार्यालय - वर्तमान सभी कार्यालय नगर की भीड़ के केन्द्रीय भाग वाले क्षेत्र में स्थित हैं । इन कार्यालयों के उचित समन्वय तथा सुचारू रूप से कार्य करने के लिए यह आवश्यक हैं कि इन सभी कार्यालयों इस उददेश्य से निर्धारित की गई भूमि पर स्थानान्तरित किया जावे । डबवाली मण्डी टाउनशिप के मास्टर प्लान में प्रशासनिक कम्पलैक्स हेतु सैक्टर 5 में लगभग 7 हैक्टेयर भूमि विशेष रूप से आरक्षित की गई हैं । सभी शैक्षणिक संस्थाएं पुराने नगर में ही केन्द्रीत है तथा इनका क्षेत्र भी अपर्याप्त हैं । सिवल अस्पताल का भवन भी अति जर्जर स्थिति में था तथा 1.6 हैक्टयर का नवीन स्थल का आंवटन करने के बाद आवश्यकता पूर्ति की जाएं । यहां भवन का निर्माण पहले हो चुका हैं, जिससे सिविल अस्पताल की दयनीय स्थिति का सहज समाधान हो गया है । सैक्टर 8 में लगभग 57 हैक्टयर क्षेत्र नगरीय तथा क्षेत्रीय स्तर की शैक्षणिक, चिकित्सा तथा अन्य जन सुविधओं के लिए सुरिक्षत रखी गई हैं । पड़ोसी स्तर की सुविधाएं अलग से प्रत्येक सैक्टर में उपलब्ध करवाई जाएंगी ।

7. पार्क तथा खुला क्षेत्र - नगर में पार्क तथा मनोरंजन के रूप में अन्य स्थलों का सर्वथा अभाव हैं । पार्क के नाम पर नगर में तीन छोटे -छोटे अव्यवस्थित से खुले स्थान हैं साथ में शमशान घाट स्थित हैं । नगर की मांग पूरा करने के लिए सैक्टर 9 में लगभग 36 हैक्टयर क्षेत्र को आमोद प्रमोद क्षेत्र खेल के मैदान, नगर स्तर पार्क के लिए प्रस्तावित हैं । इन सब के अतिरिक्त प्रत्येक सैक्टर में अपना एक पार्क भी होगा ।

8. कृषि आंचल - कृषि आंचल के लिए पर्याप्त क्षेत्र आरक्षित रखा गया है । यह आंचल तथापि
क्षेत्र में पड़ने वाले आवश्यक भवनों तथा अन्य क्षेत्र जैसे वर्तमान गांव उनके साथ लगती आबादी देह की भूमि जो सरकार द्वारा अनोमोदित या प्रवर्तित तथा प्रोजैक्ट तथा इस कृषि क्षेत्र के अनुरक्षण तथा सुधार के लिए आवश्यक अन्य सहायक सम्बन्ध दुविधाओं को विलुप्त नहीं करेगा ।

9. विकास योजना का कमबद्धीकरण :- विकास योजना वर्ष 2021 तक के लिए तैयार की गई हैं इस अवधि को तीन भागों में बांटा गया हैं जो वर्ष 2005, 2011 तथा 2021 तक गठित होगा । प्रथम फेज (भाग) में आवसीय प्रयोजन के लिए सैक्टर-2, 4 तथा 11 तथा साथ ही व्यवसायिक सैक्टर-10 तथा 14 भी थोक तथा खुदरा व्यापार विकसित किए जाने का प्रस्ताव हैं । सरकारी तथा अर्द्ध सरकारी भवनों की आवश्यकताओं में सैक्टर -8 के अपेक्षित भाग के विकास द्वारा पूर्ति की जाएंगी । द्वितीय फेज में आवसीय सैक्टर -6,9 तथा 12 विकसित किए जाएंगे तथा भावी विकास का पूर्व आंकलन करते हुए सैक्टर -10,12 तथा 8 की अतिरिक्त भूमि को भी विकसित किया जाएगा । बाकी की विकास योजनाओं को तृतीय फेज वर्ष तृतीय फेज वर्ष 2011 तथा 2021 में पूरा किया जाएगा । तृतीय फेज के दौरान विकास योजनाओं का पुनर्वलोकन किया जायेगा ।

जोनिंग विनियम- भूमि उपयोग के सम्बन्ध में प्रस्ताव की कानूनी अमलों जामा पहनाने के लिए जोनिंग विनियमों का निर्माण किया गया है ये जोनिंग विनियम अनुबन्ध बी में विस्तार से दी गई हैं जो विकास योजना के प्रारूप का एक का भाग हैं । विनियम भूमि प्रयोग में परिर्वतन तथा विकास मानकों का निर्धारित करेगी जों कि विभिन्न मुख्य भूमि प्रयोगों के अर्न्तगत कौन से भू प्रयोग मुख्य होंगे तथा कौन से भू प्रयोग सहायक होंगे तथा इस शर्त कि भूमि प्रयोग के सभी परिर्वतन तथा विकास के लिए प्रत्येक सैक्टर में विस्तृत रूप में दर्शाए गए मार्गदर्शिक के अनुसार होंगे तथा उनके द्वारा उचित रूप से नियन्त्रित होंगे जो कि प्रत्येक सैक्टर के लिए विस्तृत सैक्टर योजनाओं के विकास के मार्गदर्शन तथा उचित नियन्त्रण लागू करने की तैयारी को सुनिश्चित करेंगें ।

अनुबन्ध ख

आंचल विनियम

डबवाली नियंत्रित क्षेत्र में उपयोग एवं प्रारूप विकास योजना ड्राईंग संख्या डी.टी.पी. (एस. आर.) 516/98-ए दिनांक 24 दिसंबर, 2003 में दर्शाए अनुसार।

I सामान्य

1) डबवाली के ईर्द-गिर्द के नियंत्रित क्षेत्र के लिए विकास योजना का भाग रूप वाले इन अंचल विनियमों को डबवाली नियंत्रित क्षेत्र के लिए विकास योजना का अंचल विनियम कहा जाएगा।

2) ये विनियम विकास योजना में शामिल समूचे क्षेत्र के लिए होंगे और पंजाब अनुसूचित सड़कें तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन अधिनियम, 1963 (1963 का पंजाब अधिनियम 41), और उसके अधीन बनाये गये नियमों की आवश्यकता के अतिरिक्त होगें ।

II परिभाषायें

इन विनियमों मे -

(क) "अनुमोदित" से अभिप्राय है नियमों के अधीन अनुमोदित;

(ख) "भवन नियमों" से अभिप्राय हैं, नियमों के भाग-VII में अन्तर्विष्ट नियम;

(ग) "ड्राईंग" से अभिप्राय है, ड्राईंग संख्या डी.टी.पी.(एस. आर.) 516/98-ए दिनांक 24 दिसंबर 2003

(घ) "फर्श क्षेत्र अनुपात (फ0क्षे0अनु0)" से अभिप्राय है, किसी भवन की सभी मंजिलों के कुल फर्श और स्थल के कुल क्षेत्र के बीच प्रतिशतता में अभिव्यक्त किया गया अनुपात;

(ड.) "वर्ग आवास" से अभिप्राय है, रिहायशी प्रयोजन के लिए फलैट के रूप में डिजाईन किये गये भवन या किसी अनुषंगी सम्बद्ध भवन होंगे, जिनमें सामुदायिक सुविधायें, सार्वजनिक सुविधायें और जन उपयोगितायें शामिल हैं, जो निदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग, हरियाणा द्वारा निर्धारित और अनुमोदित हों;

(च) "हल्के उद्योग" से अभिप्राय है, ऐसे उद्योग जिसके कारण हानिकारक या आपत्तिजनक शोर, धुआं, गैस, भाप या गन्ध धूल, मलनिस्त्राव और अन्य अत्यधिक डिग्री का प्रदूषण न हो और बिजली द्वारा चालित हों;

(छ) "स्थानीय सेवा उद्योग" से अभिप्राय है, ऐसा उद्योग जिसका विनिर्मित माल और उत्पादन प्रायः स्थानीय क्षेत्र के भीतर इस्तेमाल किया जाता हो, उदाहरणार्थ बेकरियां, आईसक्रीम, विनिर्माण, वातित जल, बिजली से चलने वाली आटे की चक्कियां, लोंड्री, ड्राईक्लीनिंग और रंगाई, स्वचालित गाड़ियों, स्कूटर तथा साईकलों की मुरम्मत तथा सर्विस, घरेलू बर्तनों की मुरम्मत, जूते बनाना और उनकी मुरम्मत, ईंधन डिपो आदि बशर्ते कि उन द्वारा किसी ठोस ईंधन का प्रयोग न किया जाता है;

(ज) "मध्यम उद्योग" से अभिप्राय है, हल्के उद्योग तथा स्थानीय सेवा उद्योग के अलावा सभी उद्योग और जो खतरनाक गंध तथा दुर्गन्ध न फैलाते हों;

(झ) "व्यापक उद्योग" से अभिप्राय है, ऐसा उद्योग जो सरकार की अनुमति से स्थापित किया जाये और जो व्यापक हो, जिसमें 100 से अधिक कामगार नियुक्त हों, जिसमें किसी प्रकार की ईंधन चालित शक्ति का प्रयोग किया जाये बशर्ते कि इसमें किसी प्रकार से हानिकारक तत्व न हो;

(ञ) "भारी उद्योग" से अभिप्राय है, सरकार की अनुमति से सरकारी या अर्धसरकारी या निजी क्षेत्र में स्थापित किया गया उद्योग (प्लांट मशीनरी इत्यादि की लागत जैसे कि सरकार की उद्योग नीति में परिभाषित हो)

(ट) "हानिकारक या खतरनाक उद्योग" से अभिप्राय है सरकार की अनुमति से स्थापित किया गया उद्योग और जिसमें अत्यधिक पूंजी लगी हो। जिसमें अत्यधिक धूआं, शोर, स्पन्दन, दुर्गन्ध, अप्रिय या हानिकारक मलनिस्त्राव, विस्फोटक, ज्वलनशील सामग्री इत्यादि और समुदाय के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए अन्य खतरनाक तत्व शामिल हों;

(ठ) "वास्तविक तिथि" से अभिप्राय है नीचे घोषित नियंत्रित क्षेत्र की अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि

क्रम संख्या	नियंत्रित क्षेत्र का नाम तथा अधिसूचना संख्या	वास्तिविक तिथि
1.	हरियाणा सरकार, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग, अधिसूचना संख्या 8999-10 डी. पी. -85/18919, दिंनाक 8 अक्तुबर 1985, दिंनाक 26 नवम्बर, 1985, द्वारा अधिसूचित	26 नवम्बर, 1985

(ड) नियंत्रित क्षेत्र में किसी भूमि अथवा भवन के संबंध में "अननुरूप उपयोग" से अभिप्राय है, ऐसी भूमि अथवा भवन का वर्तमान उपयोग जो विकास योजना में क्षेत्र के उस भाग के लिए निर्दिष्ट मुख्य भूमि उपयोग के विपरीत हो;

(ढ) "लोक उपयोगिता सेवा भवन" से अभिप्राय है, ऐसा भवन जो लोक उपयोगी सेवाओं के लिए अपेक्षित हो, जैसा जल सप्लाई, जल निकास, बिजली, डाक तथा तार एवं परिवहन तथा दमकल केन्द्र सहित कोई नगरपालिका सेवा;

(ण) "नियमों" से अभिप्राय है, पंजाब अनुसूचित सड़क तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन नियम, 1965;

(त) "सैक्टर सघनता और कॉलोनी संघनता" से अभिप्राय है उस सैक्टर क्षेत्र तथा कॉलोनी क्षेत्र में जैसी भी स्थिति हो, प्रति हैक्टेयर व्यक्तियों की संख्या;

(थ) "सैक्टर क्षेत्र अथवा कॉलोनी क्षेत्र" से अभिप्राय है, सैक्टर या कॉलोनी का क्षेत्र जोकि मानचित्र पर दिखाये अनुसार मुख्य सड़क प्रणाली से प्रतिबन्ध हो;

व्याख्या

(1) सैक्टर और कालोनी के मामले में कालोनी के अनुमोदित अभिविन्यास योजना पर कालोनी का क्षेत्रफल इसमें सैक्टर के चारो ओर मुख्य सड़कों के अन्तर्गत आने वाली 50 प्रतिशत भूमि शामिल है और मुख्य सड़क प्रणाली के अन्तर्गत आने वाली भूमि तथा सैक्टर या कालोनी में, जैसी भी स्थिति हो, भवन विकास के लिए अनुपयुक्त क्षेत्र शामिल नहीं है ।

(2) "सैक्टर सघनता" या "कालोमी सघनता" की गणना के प्रयोजनार्थ यह परिकल्पित होगा कि सैक्टर क्षेत्र या कालोनी क्षेत्र या कालोनी क्षेत्र का 55 प्रतिशत रिहायशी प्लाटों के लिए उपलब्ध होगा जिसमें वर्ग आवास के अन्तर्गत आने वाला क्षेत्र शामिल होगा और प्रत्येक भवन प्लाट में औसतन तीन आवासीय इकाईयां होंगी अथवा प्रत्येक इकाई 4.5 व्यक्ति की जनसंख्या से प्रत्येक भवन प्लाट में 13.5 व्यक्ति रह सकेंगे अथवा जो कि कालोनी / वर्ग आवास काम्पलैक्स की अंचल योजना में संभावित है। तथापि दुकान एवं रिहायशी प्लाट के मामले में केवल एक आवासीय इकाई की परिकल्पना की जायेगी।

(द) "स्थल आच्छादन" से अभिप्राय है, भूतल पर नियमित क्षेत्र और स्थल के बीच प्रतिशतता द्वारा दर्शाया गया अनुपात;

(ध) "अधिनियम", "कालोनी", "उप-निवेशक", "विकास योजना", "सैक्टर" और "सैक्टर योजना" शब्दों का वही अर्थ होगा जो पंजाब अनुसूचित सड़क तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन अधिनियम, 1963 (1963 का पंजाब अधिनियम 41) और पंजाब अनुसूचित सड़क तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन नियम, 1965 में उनको दिया गया है;

(न) "फार्म गृह" से अभिप्राय है, किसी फार्म के स्वामी द्वारा अपनी भूमि पर निम्नलिखित प्रयोजना के लिए निर्मित घर है:-

(i) निवास यूनिट अर्थात् मुख्य उपयोग; तथा

(ii) फार्म छायावान अर्थात् गौण उपयोग।

टिप्पणी (1) फार्म गृह का निर्माण "ग्रामीण / कृषि अंचल में आबादी से बाहर फार्म गृहों की व्यवस्था" संबंधी खण्ड के अधीन दिये गये प्रतिबन्ध शासित होगा;

(2) फार्म शैड, "भवन नियंत्रण और स्थल विशिष्टियों" संबंधी खंड में गठित प्रतिबन्धों द्वारा शासित होंगे।

(प) "टांड या पुश्तवान" से अभिप्राय है, स्वयं कमरे के अन्दर खम्भे के अतिरिक्त किसी भी प्रकार से आदृत एक खाने जैसा उभार, किन्तु जिसका उभार एक मीटर से अधिक चौड़ा न हो;

(फ) "अटारी" से अभिप्राय है, सामान्य फर्श से ऊपर अधिकतम 1.5 मीटर की ऊँचाई ढलुआ छत में शेष बचे स्थान पर मध्यवर्ती फर्श, जो भंडारण प्रयोजन हेतु निर्मित करवाई जाती है अथवा अपना ली जाती है;

(ब) "परछती तल" का अभिप्राय है, भूतल के ऊपर मध्यवर्ती तल जिसमें परछती उस तल के क्षेत्रफल का 1/3 तक सीमित होती है तथा जिसमें भूमि की सतह से ऊपर कम से कम 2.2 मीटर ऊँचाई हो;

(भ) "कृषि उपयोग साधन" से अभिप्राय होगा, ऐसा विकास तथा गतिविधियां, जो कृषि संबंधी कार्यों को करने में सहायक रूप में अपेक्षित है, जैसे कि नलकूप, पम्प, चैम्बर, वायु चक्की, सिंचाई, नाले, पक्के प्लेटफार्म, बाढ़ लगाना तथा चारदीवारी बनाना, जल नलके आदि;

(म) "ग्रामीण उद्योग स्कीम" से अभिप्राय है, ऐसी औद्योगिक इकाई जो उद्योग विभाग द्वारा ग्रामीण उद्योग स्कीम के अन्तर्गत पंजीकृत हो:

(य) "लघु उद्योग" से अभिप्राय है, एक ऐसा औद्योगिक इकाई जो उद्योग विभाग द्वारा लघु उद्योग के रूप में पंजीकृत हो;

(य क) "कृषि आधरित उद्योग" से अभिप्राय है, एक ऐसी औद्योगिक यूनिट, जो खाद्यान्न, फलों या कृषि संबंधी कचरे का उपयोग कच्चे माल के रूप में करता है;

(य ख) अन्य शब्दों का वही अर्थ होगा, जो पंजाब अनुसूचित सड़क तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन अधिनियम, 1963 एवं नियम, 1965 में है;

(य ग) "सूचना प्रौद्योगिकी औद्योगिक इकाई" अर्थात् हरियाणा सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी नीति 2000 के अनुबन्ध में शामिल उद्योगों की श्रेणी तथा इस अधिसूचना के अनुबन्ध-1 में तथा/ अथवा जो हरियाणा सरकार द्वारा समय-समय पर परिभाषित किया जाये;

(य घ) "साईबर पार्क/सूचना प्रौद्योगिकी पार्क" अर्थात वह क्षेत्र जो अनन्य साफटवेयर विकास सम्बन्धी क्रियाकलाप एवं सूचना प्रोद्योगिकी को समर्थ बनाने वाली सेवाओं के लिए विकसित हों, इसमें किसी भी प्रकार के उत्पादन (असैम्बलिंग क्रियाकलापों सहित) की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

(य ड.) "साईबर सिटी" अर्थात परिपूर्ण शहर जिसमें मूलभूत ढांचा अति उच्चतम गुणवत्ता का हो, उत्तम परिस्थिति तथा अति गति की संचार प्रणाली के पहुंच साफटवेयर कम्पनियां / सूचना प्रौद्योगिकी को समर्थ बनाने वाली सेवाओं की कम्पनियां अंकुरित हों जिसमें उत्पादन करने वाली ईकाईयों को अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।

111 मुख्य भूमि उपयोग/अंचल:-

(i) रिहायशी अंचल
(ii) वाणिज्यिक अंचल
(iii) औद्योगिक अंचल
(iv) परिवहन तथा संचार अंचल
(v) जनउपयोगिता अंचल
(vi) सार्वजनिक तथा अर्धसार्वजनिक अंचल संस्थागत अंचल
(vii) खुले स्थान
(vii) कृषि अंचल

मुख्य भूमि उपयोग का वर्गीकरण परिशिष्ट क के अनुसार है।

IV. सैक्टरों में विभाजन:-

उपर्युक्त आंचल विनियमन-III में क्रमांक संख्या -(i) से (viii) पर वर्णित मुख्य भूमि उपयोग, जो भवन परियोजनार्थ भूमि उपयोग है, उन्हें दर्शाये अनुसार सैक्टरों में विभाजित किया गया है, इन सैक्टरों की मुख्य सड़कों के आरक्षण द्वारा हदबन्दी की हुई है और प्रत्येक सैक्टर को ड्राईंग में दिखाये अनुसार एक निश्चित संख्या दी गई है।

V. मुख्य उपयोगों में भूमि उपयोग संबंधी ब्यौरे:-

मुख्य, सहायक एवं गौण उपयोग के लिए इन विनियमों / नियमों को अन्य उपेक्षाओं के अन्तर्गत संबंधित मुख्य भूमि उपयोग अंचल में अनुमति दी जा सकती है, उनकी सूची परिशिष्ट ख पर दी गई है जो इन आंचल विनियमों के साथ जोड़े गये है ।

VI. विकास के लिए अपूर्ण विकसित सैक्टर :-

विभिन्न सैक्टरों में भवन प्रयोजनों संबंधित भूमि उपयोग के लिए आरक्षण होने पर भी निदेशक, नियंत्रित क्षेत्र के सघन तथा आर्थिक विकास के दृष्टिगत किसी प्रकार के परिवर्तन के लिए अथवा उस पर किसी भवन के निर्माण के लिए अनुमति तब तक नहीं देगा जब तक जल सप्लाई, जल मल निकास व्यवस्था तथा अन्य सुविधायें, इन सैक्टरों में, उसकी तसल्ली तक सुनिश्चित रूप में उपलब्ध नहीं हो जाती।

VII. सरकारी उद्यमों के माध्यम से विकसित किये जाने वाले सैक्टर:-

(1) वाणिज्यिक जोन तथा अर्ध-सार्वजनिक अंचल के लिए आरक्षित सैक्टरों में भूमि उपयोग परिवर्तन तथा विकास केवल सरकार अथवा सरकारी उपक्रम अथवा इस संबंध में सरकार द्वारा अनुमोदित सार्वजनिक प्राधिकरण के माध्यम से किया जायेगा और इन सैक्टरों में किसी कालोनी के विकास की अनुमति नहीं दी जायेगी।

(2) उपर्युक्त खण्ड (1) के उपबंध के होते हुए इसके इलावा भी सरकार किसी भी समय स्वयं या उपर्युक्त वर्णित एजेसियों द्वारा विकास हेतु किसी अन्य सैक्टर को आरक्षित कर सकती है।

VIII. मुख्य सड़कों के लिए भूमि आरक्षण:-

(i) ड्राईंग में चिन्हित की गई मुख्य सड़कों के लिए भूमि का आरक्षण नीचे दिए अनुसार किया जायेगा :-

क्रम सख्या	वर्गीकरण	सड़के	सड़क की चोड़ाई
(i)	वी - 1	पेरिफेरियल सडक	60 मीटर
(ii)	वी - 1 (ए)	डी. एच. एस. रोड राष्ट्रीय राजमार्ग के भीतर नगर पालिका सीमा	वर्तमान चौडाई तथा 60 मी. चौडी हरित पटटी दोनों तरफ नगर पालिका सीमा के बाहर
(iii)	वी - 1 (बी)	भटिण्डा-चौटाला रोड़ के भीतर नगर पालिका सीमा	वर्तमान चौडाई तथा 45 मी. चौडी हरित पटटी नगर पालिका सीमा के बाहर
(iv)	वी - 2	मुख्य नगरीय सड़कें	45 मीटर
(v)	वी - 3	सैक्टर सड़क	30 मीटर

नियत्रिंत क्षेत्र के पास से गुजरने वाली सभी अनुसूचित सड़को के साथ 45 मीटर चौडी हरित पटटी तथा नगर पालिका सीमा के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ 60 मीटर हरित पटटी की व्यवस्था रखी गई

(2) अन्य सडकों की चौडाई तथा संरेखण सैक्टर योजना के अनुसार या कालोनियों की अनुमोदित अभिविन्यास योजना के अनुसार होगी।

IX. औद्योगिक अननुरूप उपयोगः-

विकास योजना में औद्योगिक जोन से भिन्न जोन में दिखाये गये वर्तमान उद्योगों के संबंध में निदेशक द्वारा निर्धारित की जाने वाली नियत अवधि के लिए औद्योगिक अननुरूप उपयोग जारी रखने की अनुमति दी जा सकती है। किन्तु ये अवधि दस वर्ष से अधिक नहीं होगी बशर्ते कि सम्बद्ध उद्योग स्वामी :-

(क) उस स्थल को निदेशक द्वारा निर्धारित बाह्य विकास के लिए निर्धारित अनुपातिक प्रभारों को देने का वचन देता है जब उसे ऐसा करने के लिए कहा जायेगा; और

(ख) अंतरिम अवधि के दौरान निदेशक की संतुष्टि के अनुसार मल निकास के लिए संतोषजनक व्यवस्था करें,

(ग) अननुरूप उपयोग के क्षेत्र में किसी प्रकार के विस्तार की अनुमति नहीं होगी।

X. अननुरूप उपयोग बन्द करना :-

(1) यदि किसी भूमि का अननुरूप उपयोग दो वर्ष या इससे अधिक अवधि के लिए लगातार बन्द रहा हो तो उसे समाप्त हुआ समझा जायेगा और अनुमत उपयोग के अनुसार ही भूमि के पुनःउपयोग या पुनःविकास की अनुमति दी जायेगी।

(2) यदि अननुरूप उपयोग भवन, आग, बाढ़, विस्फोट, भूकम्प, लड़ाई, दंगा या किसी अन्य प्राकृतिक आपदा से पुनःउत्पादन मूल्य के 50 प्रतिशत या इससे अधिक क्षतिग्रस्त हो जाता है तो उसे केवल अनुमत उपयोग के लिए पुनःविकसित करने की अनुमति दी जायेगी।

(3) खण्ड IX के अधीन नियत अवधि के समाप्त होने के बाद ऐसी भूमि केवल अनुमत उपयोग के लिए पुनःविकसित करने या उपयोग में लाने की अनुमति दी जायेगी।

XI. सैक्टर योजना और आंचलिक योजना के अनुरूप विकासः-

विनियम-IX में प्रावधान को छोड़कर कोई मुख्य भूमि उपयोग जिसमें भूमि विद्यमान है, को भवन निर्माण परियोजनार्थ उपयोग और विकसित करने की अनुमति नहीं दी जायेगी जब तक कि प्रस्तावित उपयोग और विकास, सैक्टर योजना और आंचलिक योजना अथवा अनुमोदित कालोनी योजना में दिखाये गये ब्यौरे के अनुसार न हो।

XII. अनुमोदित अभिविन्यास या आंचलिक योजना का भाग बनने वाले विशिष्ट स्थलः-

प्लाट पर भवन निर्माण या पुनःनिर्माण की अनुमति तब तक नहीं दी जायेगी जब तक कि-

(i) प्लाट अनुमोदित कालोनी का भाग न हो या प्लाट ऐसे क्षेत्र में न हो, जिसके लिए विनियम XVII में उपबन्धित अनुसार छूट दी गई है; तथा

(ii) निदेशक की संतुष्टि अनुसार प्लाट तक सड़क की व्यवस्था हो या सड़क बनी हो।

XIII. विभिन्न प्रकार के भवनों के प्लाटों का न्यूनतम आकारः-

(1) विभिन्न प्रकार के भवनों के लिए प्लाटों के न्यूनतम आकार नीचे दिए अनुसार होंगेः-

(i)	रिहायशी प्लाट	50 वर्ग मीटर
(ii)	सरकार द्वारा अनुमोदित आर्थिक सहायता प्राप्त औद्योगिक आवास या गन्दी बस्तियों में रहने वालों के लिए आवास स्कीम में रिहायशी प्लाट	35 वर्ग मीटर
(iii)	दुकान एवं रिहायशी प्लाट	100 वर्ग मीटर
(iv)	शापिंग बूथ जिनमें सामने बरामदा या पत्थर व ईंट का पैदल मार्ग शामिल हो	20 वर्ग मीटर
(v)	स्थानीय सेवा उद्योग प्लाट	100 वर्ग मीटर
(vi)	हल्के उद्योग प्लाट	250 वर्ग मीटर
(vii)	मध्यम उद्योग प्लाट	8000 वर्ग मीटर

(2) वर्ग आवास स्कीम के अधीन न्यूनतम क्षेत्र 5 एकड़ होगा, यदि वह लाईसैंस प्राप्त कालोनी का भाग है और यदि यह स्वतंत्र रूप से विकसित किया जाता है, 10 एकड़ होगा।

XIV. विभिन्न प्रकार के भवनों के अन्तर्गत आच्छादित क्षेत्र/ऊँचाई और आयतनः-

स्वतन्त्र रिहायशी और औद्योगिक प्लाट पर बनाये जाने वाले भवनों का निर्मित क्षेत्र और ऊँचाई नियमों के अध्याय VII में उल्लेखित उपबन्धों के अनुसार होगी। अन्य वर्गों के मामले में विनियम XVI के अन्तर्गत लगाये जाने वाले वास्तुकला नियन्त्रण के अनुसार अधिकतम निर्मित क्षेत्र और फर्श क्षेत्र अनुपात नीचे दिए अनुसार होगा :-

क्रमांक संख्या	उपयोगिता किस्म	भूमितल मन्जिल का अधिकतम निर्मित क्षेत्र	अधिकतम फर्श क्षेत्रफल अनुपात	विशेष कथन
1	सामुहिक आवास	35 %	175	–
2	सरकारी कार्यालय	25 %	150	–
3	वाणिज्यिक			
	(क) एकीकृत निगमन	40 %	150	सैक्टर के कुल प्लाट क्षेत्र का हिसाब लगातें समय वाणिज्यिक क्षेत्र के कुल क्षेत्र को प्लाट योग्य क्षेत्र के रूप में समझा जाना है।
	(ख) व्यक्तिगत स्थल	100 %	300	इस सैक्टर के कुल प्लाट क्षेत्र की गणना के लिए उस वाणिज्यिक क्षेत्र के कुल प्लाट का जिसमें यह योजना बनाई गई है, केवल 35 प्रतिशत क्षेत्र प्लाट योग्य क्षेत्र के रूप में समझा जाये ।
4	भांडागर	75 %	150	–

ध्यान देने योग्यः-

भूगत तल आंचलिक योजना में अनुमोदित अनुसार अनुमत होगा। भूगत तल भण्डारण प्रयोजन के लिये उपयोग किया जायेगा ।

XV. भवनों की अगली और पिछली ओर व भुजा की ओर भवन पंक्ति :-

यह पंजाब अनुसूचित सड़क तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन नियम, 1965 के नियम 51, 52 तथा 53 के अनुसार उपबन्धित होगी ।

XVI. वास्तुकला संबंधी नियंत्रणः-

प्रत्येक भवन नियम 50 के अधीन तैयार किये गये वास्तुकला संबंधी नियंत्रण के अनुरूप होगा, यदि पंजाब अनुसूचित सड़क तथा नियंत्रित क्षेत्र अनियमित विकास निर्बन्धन नियम, 1965 के अनुसार लागू है।

XVII. कृषि अंचल में भूमि उपयोग में ढीलः-

कृषि अंचल में पड़ी किसी भूमि के मामले में सरकार इस विकास योजना के उपबन्ध में निम्नलिखित हेतु ढील दे सकती हैः-

(क) भूमि के आवासीय अथवा औद्योगिक उपनिवेशन में उपयोग तथा विकास के लिए बशर्ते कि उपनिवेशक ने यह भूमि वास्तविक तिथि से पहले उक्त उपयोग एवं विकास के लिए खरीदी हो और उपनिवेशक नियमानुसार इस प्रयोजन के लिए अनुमति प्राप्त करता है।

(ख) व्यक्तिगत स्थल के रूप में भूमि के उपयोग के लिए (औद्योगिक कालोनी से भिन्न) बशर्ते किः-

- (i) वास्तविक तिथि से पूर्व भूमि खरीदी गई हो;
- (ii) सरकार को संतुष्टि है कि उद्योग की आवश्यकता इस प्रकार की है कि उपयुक्त अंचल में वैकल्पिक आंबटन के नियतन की प्रतीक्षा नहीं की जा सकती;
- (iii) भू-स्वामी, यथा अपेक्षित नियमों के अन्तर्गत भवन निर्माण के लिए अनुमति प्राप्त करता है; एवं
- (iv) भू-स्वामी, निदेशक द्वारा निर्धारित अनुपातिक प्रभार जब भी कभी मांग की जाये, अदा करने की प्रतिज्ञा करता है और अंतरिम अवधि में मल निकास की संतोषजनक व्यवस्था करता है।

व्याख्याः- विनियम में क्रय (खरीद) शब्द का अर्थ पूर्ण स्वामित्व अधिकारों को प्राप्त करना है तथा न कि पट्टानामा या क्रय हेतु इकरारनामा आदि ।

XVIII.सघनता

प्रत्येक आवासीय सैक्टर इसके लिए ड्राईंग में दर्शायी तथा निर्धारित सैक्टर सघनता के अनुसार विकसित किया जायेगा परन्तु सैक्टर की विहित सघनता में किसी भी ओर अधिक से अधिक 20 प्रतिशत की विभिन्नता की अनुमति होगी।

XIX. ग्रामीण / कृषि जोन में आबादी देह के बाहर फार्म हाउस की व्यवस्था :-

ग्रामीण जोन में आबादी देह के बाहर फार्म हाउस की अनुमति यदि निम्नलिखित शर्तों पर दी जाये ।

	फार्म हाउस का आकार	आवासीय इकाई का मुख्य भवन	मुख्य आवासीय ईकाई का अनुषंगी भवन
(i) निर्मित क्षेत्र	न्यूनतम 2 एकड़	जैसा कि 500 वर्गगज के समकक्ष रिहायशी प्लाट के लिए लागू है ।	फार्म की भूमि का एक प्रतिशत (मजदूरों / नौकरों के क्वार्टरों के लिए 40 प्रतिशत से अधिक का उपयोग नहीं किया जायेगा)
	3 एकड़ तक	जैसा कि 750 वर्गगज के समकक्ष रिहायशी प्लाट के लिए लागू है ।	- सम -
	4 एकड़ तक और अधिक	जैसा कि 1000 वर्गगज के समकक्ष रिहायशी प्लाट के लिए लागू है ।	- सम -
(ii)ऊंचाई तथा मंजिल		11 मीटर, 3 मंजिल	4 मीटर, एक मंजिल

(iii) दूरीः-

कृषि भूमि के सभी किनारों से कम से कम 15 मीटर दूर बशर्ते कि यदि फार्म हाऊस से संबंद्ध भूमि सड़क के साथ लगती है तो गृह का निर्माण सड़क के किनारे से कम से कम नीचे दी गई दूरी पर किया जायेगा:-

(क)	जहां सड़क अनुसूचित सड़क का बाईपास है	100 मीटर
(ख)	जहां सड़क अनुसूचित सड़क है	30 मीटर
(ग)	कोई अन्य सड़क	15 मीटर

(iv) पहुँच सड़कः-

कोई राजस्व रास्ता / सड़क जैसा की राजस्व रिकार्ड में वर्णित है ।

(v) तहखानाः-

अधिकतम भूतल आच्छादन सीमा तक तहखाने के लिए अनुमति दी जायेगी, किन्तु तहखाने में शौचालय और स्नानगृह बनाने की अनुमति नहीं होगी।

(vi) पुश्तवान, अटारी तथा परछती तलः-

पुश्तवान, अटारी और परछती तल की अनुमति भवन के भीतर उक्त प्रतिबन्धों और भाग-II में दी गई परिभाषा में दिये गये, प्रतिबन्धों के अन्तर्गत दी जायेगी।

(vii) सेवायें-जल आपूर्ति तथा जल निकासः-

(क) यदि फार्म गृह का निर्माण किया जाता है तो फार्म में मानव उपयोग के लिए अच्छी पीने योग्य जल आपूर्ति उपलब्ध होनी चाहिए।

(ख) डेरी फार्म के मामले में छायावान की सफाई हेतु खुली मल निकास नालियां अथवा ढकी हुई नालियों का प्रबन्ध किया जाये, सभी भवनों के मामले में वर्षा के पानी के निकास हेतु नालियों की व्यवस्था की जानी है।

(ग) नियमों के उपबन्धों के अनुसार मनुष्य और पशुओं के मल निस्तारण के लिए मलाश्य की व्यवस्था की जाये।

